तुष्टिकरण की सारी हदें पार, धर्म बना तबादलों का आधार : देवनानी

■ चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस सहित कई विभागों में धर्म के आधार पर किए जा रहे हैं तबादले

अजमेर, (कासं)। "तुष्टिकरण की सारी हदें पार, धर्म बना तबादलों का आधार", यह बात पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने चिकित्सा विभाग में डॉक्टरों के हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर तबादले किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही है।

देवनानी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि जब सरकारी नौकरी में इस बात को कोई तवज्जो नहीं दी जाती है कि नौकरी पाने वाला किस धर्म का है, हिन्दू या मुस्लिम है या अन्य किसी धर्म का है तो फिर तबादलों में हिन्दू-मुस्लिम कार्ड क्यों अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मानव जाति को सर्वोपरि मानकर मरीजों की सेवा करते हैं। इलाज करते हुए यह नहीं पूछते और देखते हैं कि मरीज किस जाति या धर्म का है, तो फिर तबादले हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर करने का औचित्य समझ में नहीं आता है।

देवनानी ने कहा कि किशनपोल से कांग्रेस विधायक अमीन कागजी खुद चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा अपनाई गई नीति से खासे नाराज हैं और उन्होंने मीणा के निवास पर धरना भी दिया। जब कांग्रेस के विधायक ही अपनी सरकार की ऐसी नीति और कार्यप्रणाली का विरोध कर रहे हैं तो कांग्रेस और उसकी सरकार को यह बात अच्छी तरह समझ में आ जानी चाहिए कि वह जनता की उम्मीदों पर बिल्कुल भी खरी नहीं उतर रही है। देवनानी ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को धर्म और जाति के आधार पर बांटना ठीक नहीं है। यदि सरकार ऐसी ही नीति चलती रही, तो यह उसके लिए ही सबसे ज्यादा घातक होगा।

देवनानी ने कहा कि केवल चिकित्सा विभाग ही नहीं, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों में भी धर्म के आधार पर कार्मिकों के तबादले किए जा रहे हैं। इससे कर्मचारियों में वैमनस्य पैदा होने का खतरा बना रहेगा। साथ ही उन कार्मिकों में कुंठा पनपेगी, जो राज्य के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि तबादलों में पूरी तरह पारदर्शिता होनी चाहिए। किसी का अहित नहीं हो, इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चारों तरह तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। उसे अब इस तरह की हरकतों से बाज आना चाहिए।

मसूदा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय सृजित करने के आदेश

मसूदा, (निसं)। राजस्थान सरकार ने मसूदा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय सृजित करते हुए स्थापित करने के आदेश जारी किए हैं। विधि एवं विधिक कार्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीर भटनागर ने मसूदा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय सृजित एवं स्थापित करने सम्बन्धी अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार राजस्थान सिविल न्यायालय अध्यादेश, 1950 (सन् 1950 का अध्यादेश 7) की धारा की उपधारा (1) धारा 12 की उपधारा (1) एवं धारा 16 की उपधारा (1) तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (सन् 1974 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 2) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार, निम्नलिखित सिविल न्यायाधीस एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय तुरन्त प्रभाव से सृजित एवं स्थापित किया है। मसूदा में नवसृजित एवं स्थापित होने वाले उक्त न्यायालय का स्थानीय क्षेत्राधिकार सिविल न्यायालय अध्यादेश एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अन्तर्गत संबंधित जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

खेल दिवस सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड, (निसं)। दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया का आने वाले सीए डे स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया जा रहा है। साथ ही 75वे आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में भीलवाडा शाखा द्वारा खेल दिवस सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।

शाखा अध्यक्ष सीए निर्भीक गाँधी ने बताया कि शाखा द्वारा शनिवार को दादी धाम रोड स्थित बॉक्स क्रिकेट मैदान में 40 से अधिक वर्ष वाले सीए सदस्यों हेतु बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे 4 टीम द्वारा 5 मैच खेले गये। जिसमे मुख्य अतिथि इनकम टैक्स ऑफिसर दिलीप राठौर और नारायण जागेटिया थे। ऑरेंज यूनिकॉर्न टीम बनाम रॉयल किंग्स टीम के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें रॉयल किंग्स टीम ने 3 रन से जीत हासिल करी, टूर्नामेंट में सीए नरेश जागेटिया मेन ऑफ़ दी सीरीज रहे।

शाखा सचिव सीए सोनेश काबरा ने बताया कि शाखा द्वारा सीए मेल मेंबर्स के मध्य बैडमिंटन 40 साल से कम मेल डबल मैच में सीए कुलदीप नोलखा एवं अंकित बुबना विजेता रहे। इसी के साथ बैडमिंटन सिंगल मैच में सीए मुदित जिंदल विनर रहे। शाखा उपाध्यक्ष सीए दिनेश आगाल ने बताया कि 40 के बैडमिंटन सिंगल टूर्नामेंट में सीए प्रवीण ओस्तवाल विनर रहे। महिला बैडमिंटन मैच में सीए रवीना नुवाल विनर रहे। साथ ही रविवार शाम दूधिया रौशनी मे सीए सदस्यों के बीच कब्बडी खेल का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य अथिति एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा व डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश काबरा रहे। टूर्नामेंट का संयोजन सीए नरेश जागेटिया, नवीन वागरेचा, सत्यनारायण लाठी ने किया।

सांवलिया सेठ को 101 व्यंजनों का भोग लगाया

मंडफिया, (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 101 व्यंजनों का भोग धराया गया। श्री सांवलिया जी मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी भक्त देवकरण पटेल की ओर से भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को 101 व्यंजनों का भोग धराया गया। इस मौके पर भक्त पटेल एवं उनके साथ आए भक्तों ने फल, मेवा, मिष्ठानों को हाथों में लेकर सांवलिया जी मंदिर पहुंचे। जहां पुजारी भैरू दास वैष्णव ने भगवान सांवलिया जी सेठ को 101 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगा कर सभी भक्तों को तुलसी, चरणामृत प्रदान कर 101 भोग का प्रसाद वितरण किया।

पत्नी के चरित्र पर शक को लेकर हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

■ मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर गला घोंटकर हत्या करने व साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाते हुए मामले दर्ज कराया था

रूपनगढ, (निसं)। थाना पुलिस ने ग्राम भदुण में गत 16 व 17 मई की रात्रि को पत्नी के चरित्र पर शक को लेकर पत्नी की गला घोटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

थानाप्रभारी अयूब खान ने बताया कि ग्राम रहलाना जिला जयपुर निवासी रामजीलाल मीणा ने मई माह में मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसकी दो पुत्रियों ने राज व कंचन का बाल्यवस्था में भदुण निवासी कमल मीणा व तेजपाल मीणा पुत्र महावीर मीणा के साथ हुआ था जिनका गोना नहीं हुआ था। गत 11 मई 2022 को पुत्रियों का ससुर महावीर मीणा गाव आकर पुत्री नेराज को परीक्षा दिलवाने के बहाने भदुण ले गया।

नेराज राजस्थान पुलिस की तैयारी कर रही थी। 17 मई को सुबह 7 बजे फोन आया कि तुम्हारी पुत्री नेराज की तबियत खराब है जल्दी चले आओ जब हम भदुण गांव पहुचे तो नेराज की मौत हो चुकी थी और पुत्री के गले मे चोट व खरोज के निशान थे और जल्दबाजी में पुत्री नेराज का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मृतका के परिजनों ने गले का फ़ोटो खिंच लिए। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर गला घोंटकर हत्या करने व साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाते हुए मामले दर्ज कराया। हत्या के मामले का खुलासे को लेकर अजमेर पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने निर्देशन में किशनगढ ग्रामीण डिप्टी लोकेंद्र दादरवाल के सुपरविजन में थाना प्रभारी अयूब खान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में हेडकांस्टेबल रामस्वरूप, कांस्टेबल कैलाश जाखड, शाबिर खान, घासीराम, अशोक विश्नोई को शामिल किया गया। थाना प्रभारी अयूब खान के नेतृत्व में टीम ने हर पहलुओं पर जांच करते हुए मृतका के पति से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मृतका नेराज में पति भदुण निवासी 21 वर्षीय कमल किशोर मीणा पुत्र महावीर मीणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पत्नी के चरित्र पर शक होने पर गला दबाकर हत्या करना कबूल किया है। मामले के खुलासे में कांस्टेबल शाबिर खान व अशोक विश्नोई की अहम भूमिका रही।

राजगढ़ धाम पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस

■ चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

अजमेर, (कासं)। श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ चैरिटैबल ट्रस्ट के तत्वावधान में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त राजेन्द्र सिंह राठौड़ व तहसीलदार नसीराबाद भंवरलाल सेन की उपस्थिति में रविवार को मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने धाम पर आए सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस मनाया। इस अवसर पर चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने चम्पालाल महाराज की प्रेरणा से किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने और दूसरों को भी नशा मुक्ति हेतु प्रेरित करने की शपथ ली। सेन ने बताया कि नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए राजगढ़ धाम पर पिछले कई दशकों से नशामुक्ति महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्रद्धालुओं को नशा मुक्त करने हेतु प्रेरित किया जाता है व उन्हें संकल्प दिलाया जाता है तथा नशे से मुक्त किया जाता है।

नशामुक्ति महाअभियान राजगढ़ भैरव धाम की पहचान बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में चम्पालाल महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे के ज्यादा सेवन से दुर्घटनाओं व कैंसर जैसी बीमारियों से अधिकतर लोग असमय अकाल मृत्यु को प्राप्त होते हैं। नशा हमारी संस्कृति व देश के लिए बिलकुल सही नहीं है। युवा पीढ़ी के कई युवा जिनको नशे की लत लग चुकी है उनका भविष्य अंधकारमय है। दुर्घटनाओं में अपंगता व मृत्यए समाज में गरीबी व भयंकर बीमारियों से अकाल मृत्य का मूल कारण नशा ही होता है।

रविवारीय मेले के दौरान राजगढ़ भैरव धाम पर मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का आज विधिवत समापन किया गया। चम्पालाल महाराज ने फ्रैंड्स ऑफ हैप्पीनैस फाउण्डेशन के योगाचार्य विपिन कुंजए आचार्य रोहित प्रजापति व जसबीर जसवाल के नेतृत्व में रविवारीय मेले में योग करते हुए तथा योग से होने वाले शारीरिक मानसिक विकास लाभ पर प्रकाश डालते हुए योग सप्ताह का विधिवत समापन करने की घोषणा की।

ट्रक की चपेट में आयी युवती की दर्दनाक मौत

बांसवाड़ा, (निसं)। शहर के महाराणा प्रताप सर्किल पर बाईक सवार युवती के ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि युवती बाईक पर अपने पति के साथ शहर में आयी थी तभी प्रताप सर्किल पर पीछे से आते ट्रक ने गलत दिशा से उसे टक्कर मारी जिससे मोटर साईकिल का बैलेंस बिगड गया और पति और आगे बैठा बच्चा बाईक सहित दूसरी ओर जा गिरे जबकि युवती ट्रक की साईड में गिरी जिससे ट्रक का पिछला पहिया उस पर घुम गया। घटना के बाद मौके पर बडी संख्या में लोग जमा हो गये और ट्रक चालक को नीचे उतारने की कोशिश की लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

संत आचार्य विद्यासागर महाराज का दीक्षा महोत्सव कार्यक्रम आज

■ संगम मति माताजी को दीक्षा महोत्सव हेतु अर्पित किए श्रीफल

अजमेर, (कासं)। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का दीक्षा महोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री दिगंबर जैन सामाजिक संसद अजमेर के तत्वाधान में परम पूज्य गणिनी आर्यिकारत्न वात्सल्यमूर्ति संगम मति माताजी को संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के दीक्षा महोत्सव आयोजन हेतु श्रीफल अर्पित किए गए। सामाजिक संसद अध्यक्ष प्रदीप पाटनी, सामाजिक संसद महामंत्री सुनील ढिलवारी के नेतृत्व में सुनील जैन होकरा राकेश मामा सुनील काके अनिल गदिया मनीष सेठी प्रकाश पाटनी अशोक पहाडिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संसद अध्यक्ष प्रदीप पाटनी ने बताया कि अजमेर में ही संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज की दीक्षा हुई थी और अजमेर वासियों का सौभाग्य है संसद के तत्वाधान में सकल दिगंबर जैन समाज के साथ दीक्षा आयोजन को मनाया जाएगा।

इस अवसर पर अजमेर में विराजमान सभी मुनि एवं आर्यिका संघो को सानिध्य हेतु आमंत्रित व निवेदन किया जाएगा इसी संदर्भ में आज पूज्य संगम मति माताजी को श्रीफल अर्पित किया। सामाजिक संसद के महामंत्री सुनील ढिलवारी ने बताया कि इस अवसर पर अजमेर दिगंबर जैन समाज के सभी पंचायत मंदिर कमेटी महिला मंडल पुरुष मंडल को इस आयोजन हेतु आमंत्रित किया जाएगा और बड़े धूमधाम से यह महा उत्सव बनाया जाएगा। संसद वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जैन होकरा ने कहा कि संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर जैन समाज ही नहीं संपूर्ण भारत और विश्व के लिए पूजनीय है अजमेर की पावन धरती का सौभाग्य है कि गुरुदेव की दीक्षा यहां पर हुई अजमेर के इस आयोजन को वृहद स्तर पर बनाने के लिए सामाजिक संसद ने बीड़ा उठाया है समाज के सभी बंधु इस आयोजन को सफल करने के लिए प्रयासरत है।

स्काउट गाइड संगठन बालक-बालिकाओं में संस्कार का बीजारोपण करता है : कलेक्टर

■ मण्डल स्तरीय 40 दिवसीय अभिरूचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरूचि शिविर का समापन समारोह जिला कलक्टर ताराचन्द मीणा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

जिला संगठन आयुक्त स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने बताया कि इस अवसर पर जिला कलक्टर ताराचन्द मीणा मुख्य अतिथि रहे एवं अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश आमेटा ने की. इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीवा एसपी चेतना भाटी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट दामोदर प्रसाद शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक वीरेन्द्र यादव, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राणावत, हैप्पी होम संस्थान के जगदीश अरोडा, चैयरमैन रोटरी क्लब वसुधा डॉ. सुषमा अरोडा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पूनम सक्सेना, उप जिला शिक्षा अधिकारी विजय सारस्वत आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ताराचन्द मीणा ने 40 दिवसीय शिविर अवधि में कुशल और दक्ष प्रशिक्षकों की देखरेख में सीखे गये काम काजों से विषयों के आधार पर तैयार सामग्री की तीन प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया और सामग्री का अवलोकन किया।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट दामोदर प्रसाद शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग के कला कौशल शिविर बालक, बालिकाओं, कामकाजी महिलाओं एवं जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करते है। इन शिविरों के माध्यम से बालक-बालिकाओं में स्वालंबन ओर स्वाभिमान की भावना आती है। किशनलाल सालवी ने 40 दिवसीय शिविर प्रतिवेदन और उपलब्धियों की जानकारी दी।

कलेक्टर मीणा ने स्काउट गाइड को बालक-बालिकाओं, युवक, युवतियों एवं युवा शक्ति में संस्कार का बीजारोपण कर जीवन जीने की कला सिखाने की पाठशाला बताया। उन्होंने कहा कि जो कुछ इस शिविर में सिखाया गया है, उसे जीवन में उतारें एवं आत्मनिर्भर बनें। स्वास्थ्य, सेवा ओर कौशल और स्वास्थ्य के लिऐ स्काउट गाइड संगठन के हर आयुवर्ग के कार्यकर्ता सदैव तैयार पाये जाते है। उन्होनें कहा कि जितना पढ ना लिखना जरूरी है उतना ही खेलना-कूदना भी जरूरी है। चेतना भाटी डीवाईएसपी के प्रभावी मार्गदर्शन में राजस्थान पुलिस की महिला कांस्टेबल और लेडी पेट्रोलिंग टीम सदस्य मिनाक्षी गरासिया और भावना मेघवाल द्वारा बालिकाओं को दिये गये 7 दिवसीय बालिका आत्म रक्षा प्रशिक्षण के प्रदर्शन ने सहभागियों सहित अभिभावकों, दर्शकों को अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर 150 छात्र-छात्राओं को आत्म रक्षा प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा, जगदीश अरोडा ने भी संबोधित किया।

नशा मुक्ति जागरूकता पोस्टर का विमोचन

उदयपुर, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'नया भारत नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग व आरोग्य सेवा संस्थान संयुक्त तत्वावधान में जिला कलक्टर ताराचंद मीणा व अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने संस्थान द्वारा किया गए कार्य की सरहाना करते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे मे बताया। उन्होंने उदयपुर शहरवासियों से इस अभियान मे बढ चढ कर भाग लेने की अपील की उन्होंने नशा मुक्ति जारूकता पोस्टर पर हस्ताक्षर कर इस अभियान को आगाज किया।

सार-समाचार

सीधी भर्ती की मांग उठी

बांसवाड़ा, (निसं)। राजस्थान शिक्षा राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम 2021 के नियम संख्या 6(3) के तहत सेटअप परिवर्तन व नियम 6डी के तहत प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षको का माध्यमिक शिक्षा के रिक्त पदों पर जबरन समायोजन करने को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजकर 6डी व 6(3) से समायोजन की कार्यवाही को रोकते हुए उक्त समायोजन स्वैच्छिक करने के साथ माध्यमिक शिक्षा में रिक्त रहे पदों पर सीधी भर्ती करने की मांग की है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष गोपेश उपाध्याय एवं प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि शिक्षा विभाग में प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षको के अनुभव की शर्त पहले 5 वर्ष थी फिर उसे 3 वर्ष की गई किन्तु राजस्थान अधीनस्थ शिक्षा सेवानियम 2021 के बाद उक्त अनुभव की शर्त ही हटा दी गयी है ऐसे में सीधी भर्ती से नियुक्ति पाने वाले शिक्षको को सीधे माध्यमिक विद्यालयों के रिक्त पद पर पदस्थापित किया जाना ही उचित होगा।

मोटर साईकिल चोरी का प्रकरण दर्ज

डूँगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना अन्तर्गत दो वाहनधारियों ने मोटर साईकिल चोरी का प्रकरण दर्ज कराया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालीवाडा निवासी प्रदीप पुत्र रमेश चंद्र सोमपुरा ने बताया कि शनिवार शाम को मेरिजहॉल न्यू हॉस्पीटल के पास अपनी मोटर साईकिल रखकर काम से गया था, वापस आकर देखा तो उसकी मोटर साईकिल गायब थी। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। इसी प्रकार शिवाजी नगर निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह शेखावत ने भी नया बस स्टेण्ड क्षेत्र से उसकी मोटर साईकिल चोरी होनें का प्रकरण दर्ज कराया हैं।

कॉलेजों में एडमिशन आज से

डूँगरपुर, (निसं)। प्रदेश में 12वी साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट जारी होने के बाद अब कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए स्टूडेंट की दौड शुरू हो गई है। डूंगरपुर जिले में तीनों ही संकाय में इस बार 18 हजार 920 स्टूडेंट पास हुए है। इसमें 8 हजार से ज्यादा फर्स्ट डिवीजन से पास हुए है। कॉलेज में एडमिशन को लेकर कॉलेज शिक्षा निदेशालय की तरफ से शिड्यूल जारी कर दिया है। शिड्यूल के अनुसार 27 जून से सभी कॉलेज में ऑनलाइन एडमिशन के लिए आवेदन शुरू हो जाएंगे।

उदयपुर में छह संक्रमित मिले

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले में रविवार को भो 6 कोरोना संक्रमित पाए गए। इन्हें मिलाकर उदयपुर जिले में एक्टिव केस की संख्या 41 हो गई है। जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी के अनुसार रविवार को मिली 772 जांच रिपोर्ट में 6 कोरोना संक्रमित पाए गए। इनमें 4 शहरी से एवं 2 ग्रामीण इलाके से है। कुल एक्टिव केस 41 में सभी होम आइसोलेशन में है।

महंत भारत भूषण का सम्मान

उदयपुर, (कासं)। गादीपति महाराज पीठाधीश्वर महंत भारत भूषण जोशी के राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर मां प्रेमी भक्तों ने महाराज को पगडी पहनाकर, उपरना, मालाओं, माताजी की चुनरी औढाकर, आदर सत्कार कर सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कैलाश झालीवाल बने प्रभारी

अजमेर, (कास)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कैलाश झालीवाल को जयपुर विधानसभा आदर्श नगर का प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पूर्व झालीवाल को दूदू विधानसभा का बी.आर.ओ.नियुक्त किया गया था। उन्होंने सफलता पूर्वक संगठन के चुनाव कराये।

कांग्रेस का सत्याग्रह कार्यक्रम आज

उदयपुर, (कासं)। युवाओं के सपनों को कुचलने वाली अग्निपथ योजना के विरोध मे उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में कल दिनांक सोमवार प्रात: 10 बजे से बजे तक जिलाधीश कार्यालय के बाहर विरोध स्वरूप सत्याग्रह का कार्यक्रम रखा गया है। कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कोऑर्डिनेटर भीलवाडा नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी मौजूद रहेंगे।

अध्यापकों के लिए न्यायपूर्ण स्थानान्तरण नीति लागू करने की मांग रखी

डूँगरपुर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत डूंगरपुर जिला कार्यकारिणी की बैठक कर्मचारी महासंघ कार्यालय कलेक्ट्री परिसर डूँगरपुर में जिलाध्यक्ष मणिलाल मालिवाड अध्यक्षता व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमन्त खराडी के आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमन्त खराडी ने शिक्षकों के लिए पारदर्शी एवं स्थाई स्थानांतरण नीति लागू कर भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जावें। डिजायर व्यवस्था समाप्त कर अविलंब अध्यापकों (तृ.वे.श्रृं) के स्थानांतरण किये जावे। साथ प्रतिबंधित जिलों की अवधारणा समाप्त कर टीएसपी क्षेत्र के प्रबोधकों सहित समस्त शिक्षकों जो यहां 20 वर्षो से कार्यरत है, उनका विकल्प पत्र के आधार पर गृह जिलों में समायोजन कर राहत प्रदान करने की मांग की। शिक्षकों की यह मांग पूरी न होने पर संगठन जुलाई माह में आन्दोलन करेगा।

जिलाध्यक्ष मणिलाल मालिवाड ने कहा पीएफआरडीए रद्ध करने, पुरानी पेंशन बहाली की अधिसूचना जारी करने, गैर शैक्षिणिक कार्यो और ऑनलाईन कार्यो से शिक्षकों को मुक्त करने, लंबित पदोन्नति प्रकिया तुरंत पूरी कर पात्र शिक्षकों को पदोन्नत करने। उपप्रधानाचार्य के 50 पद विभागीय सीधी भर्ति से भरे जायें। संस्कृत शिक्षा विभाग में पारदर्शी स्थाई स्थानान्तरण नीति लागू करने एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने। पदोन्नत व्याख्याताओं की एसीपी विसंगति दूर करने। संविदा, ठेका भर्ती पूर्णत:बंद करने। नियमित वेतनमान पर स्थाई भर्ती करने। पैराटीचर, शिक्षा सहयोगी, शिक्षाकर्मी, व पंचायत सहायकों को स्थायी करने सहित 7,14,21,28 तथा 32 वर्ष की सेवा पर चयनीत वेतनमान लागू करने की मांग रखी।

'अग्निपथ योजना वापस लें सरकार'

उदयपुर, (कासं)। केंद्र की अहंकारी मोदी सरकार द्वारा सेना में युवाओं के लिए 'अग्निपथ योजना' के खिलाफ आगामी 27 जून को युवाओं के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के राष्ट व्यापी धरना प्रदर्शन एवं सत्याग्रह करने की श्रंखला में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान में हर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित सत्याग्रह को लेकर कोऑर्डिनेटर लगाए गए हैं। इसी क्रम में बाडमेर जिले की सिवाना विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव राजपुरोहित को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। डॉ राजपुरोहित ने सिवाना जाकर वहां नेताओं और कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं सत्याग्रह को सफल बनाने का आ ान किया। राजपुरोहित ने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य को चौपट और देश की सेना को कमजोर करने वाला कदम न उठाये। सरकार ने जैसे किसानों से माफी मांगकर तीनों कानून वापस लिए वैसे ही युवाओं से माफी मांगकर अग्निपथ योजना वापस ले।

'ग्रामीण शौचालयों का नियमित उपयोग करें'

राजसमंद, (निसं)। जिला परिषद एसीईओ भुवनेश्वरसिंह चौहान ने ग्राम पंचायत गजपुर में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नरेगा कार्यों आदि निरीक्षण कर जमीनी हालात जाने तथा मौके पर उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चौहान प्रात:साढे ग्यारह बजे गजपुर पंचायत के थोरिया गांव में पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी लक्ष्मणराम पुत्र सवाराम बलाई एवं एसबीएस के दो लाभार्थी से संपर्क कर जमीनी हकीकत जानी। इसके बाद गजपुर में दुर्गा पत्नी कन्ना भील के आवास तथा प्रगतिरत व निर्मित शौचालय का भौतिक सत्यापन कर ग्राम विकास अधिकारी को कार्य को गंभीरता से लेकर करने को लेकर सख्त निर्देश दिए। वहीं शौचालय विहिन परिवारों को 10 दिन में शौचालय निर्माण कर इसका नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कुंभलगढ विकास अधिकारी ओमप्रकाश काबरा, एसबीएम ब्लॉक समंवयक नरेश कुमार जोशी, कुंभलगढ कनिष्ठ लिपिक प्रकाश शर्मा, सरपंच किशनलाल भील, रोजगार सहायक, पंचायत सहायक आदि मौजूद थे। इससे पूर्व ग्राम पंचायत में कार्मिकों से परिचय किया।

इसी प्रकार बडगांव, ओलादर में नरेगा संबंधित कार्यों फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं शौचालय के बारे में जानकारी लेकर भौतिक सत्यापन किया। इसी प्रकार एसीईओ चौहान ने रविवार को अलसुबह ग्राम पंचायत पुठोल एवं सापोल में भी नरेगा कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की फीडबेक लिया। उन्होंने भूडान में नाडी गहरी कराना कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी जोगिंदर शर्मा, पूर्व जिप सदस्य खुमसिंह मुण्डावत, उप सरपंच भैरूलाल जोशी, इत्यादि साथ मौजूद थे।